# समस्याओं को लेकर कांग्रेस संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**बड़नगर।** पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन ने देश और प्रदेश में व्याप्त अत्यंत गंभीर और जनविरोधी समस्याओं को लेकर कोर्ट परिसर पर रैली निकालकर व भाजपा सरकार के विरुद्ध नारे बाजी कर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंप कर अवगत कराया कि नीट परीक्षा पेपर लीक-प्रतिष्ठित नीट परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों होनहार युवाओं के भविष्य के साथ एक क्रूर खिलवाड़ है। हमारी मांग है कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और युवाओं के लिए पारदर्शी रोजगार प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

खाद-बीज के बढ़ते दाम खाद और उन्नत बीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने खेती की लागत को आसमान पर पहुंचा दिया है। किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार आम आदमी के बजट से बाहर हो रही हैं। अघोषित बिजली कटौती मेंटेनेंस (रखरखाव) के नाम पर घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इसकी तुरंत समीक्षा की जाए।

नगर में नामांतरण के कार्यों को अनावश्यक रूप से रोककर रखा गया है। इसके कारण आम जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और भारी मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है साथ ही नगर पालिका के अधिकारी अतिक्रमण के नाम पर सब्जी विक्रेताओं से दुर्व्यवहार कर उन्हें अपने नियत स्थान से हटा रहे है। हमारी मांग है कि इन्हे उचित स्थान देकर बेरोजगार होने से बचाया जाए। तत्पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इन सभी मुद्दों को लेकर आज ज्ञापन दिया गया हैं।

इस अवसर पर मांगूसिंह राठौर, दिनेश पटेल, रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, मोहनलाल त्रिवेदी, मनोहरलाल शर्मा, ठा. महेन्द्रसिंह राणावत, करण राठौड़, मथुरालाल यादव, वासिफ काजी, संदीप बैरागी, प्रवीण पड़छा, राहुल सोलंकी, इकबाल पटेल, निर्मल जाट, हीरालाल चौधरी, गोपाल चौधरी, आजाद खान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान व आम जन उपस्थित हुए ज्ञापन का वाचन एडव्होकेट निलेश शर्मा ने किया।

# श्रीमद् भागवत कथा में महाभारत प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन



**उन्हेल। राधाकृष्ण मंदिर, जांगड़ा पोरवाल समाज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस शुक्रवार को कथा व्यास पूज्य अमृता त्रिपाठी ने व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत महापुराण अंतर्गत महाभारत प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।**

कथा के दौरान उन्होंने कुरुवंश की उत्पत्ति, महाराज शांतनु, भीष्म पितामह तथा हस्तिनापुर के राजवंश का दिव्य वर्णन किया। साथ ही पांडवों एवं कौरवों के जीवन की प्रमुख घटनाओं तथा धर्म और अधर्म के संघर्ष का मार्मिक प्रसंग भी सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि पांडव अनेक कष्टों और विपत्तियों के बीच भी भगवान श्रीकृष्ण पर अटूट विश्वास बनाए रखते हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा के लिए हर क्षण साथ रहते हैं।

महाभारत केवल युद्ध की कथा नहीं, बल्कि धर्म, सत्य, त्याग और भगवान की कृपा का महान संदेश है। उन्होंने कहा कि इस प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, यदि मनुष्य धर्म और भगवान का आश्रय नहीं छोड़ता, तो अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

कथा श्रवण से श्रद्धालुओं के भीतर भक्ति, विश्वास एवं धर्म के प्रति दृढ़ता जागृत होती है। तृतीय दिवस की पूजन-आरती के लाभार्थी बंटू कुमार शांतिलाल झंडावाला परिवार रहे। इस अवसर पर गीता मंडल ट्रस्ट एवं पोरवाल महिला मंडल नगर इकाई द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास दीदी का सम्मान किया गया तथा शुभाशीष प्राप्त किया।

## एक नजर में

### बशीर बद्र को श्रद्धांजलि

**महिदपुर।** उर्दू के मशहूर शायर पद्मश्री बशीर ब्रद के निधन पर श्री महारानी चन्द्रावती वाचनालय परिवार ने त्रिलोक सोलंकी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की। जिसमें शायर बशीर बद्र की जीवनी पर एवं उनके उर्दू साहित्य में योगदान पर प्रकाश डाला गया। शोकसभा में प्रमुख रुप से आरसी ठाकुर, अशोक पाठक, ऋषभ जैन, दिलीप बोथरा, जयराम गेहलोत, रामचन्द्र शर्मा, राजेन्द्र गोयल, जगदीश ज्वलंत आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात दो मिनिट मौन रहकर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए। यह जानकारी संस्था सचिव संदीप चौहान ने दी।

### मंसूरी बने कर्मचारी कल्याण कोष के ब्लॉक मीडिया प्रभारी



**घट्टिया।** कर्मचारी कल्याण कोष प्रांतीय वरिष्ठ सचिव रूपसिंह चौहान, जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोनी, अजयसिंह दोहरे, डॉ. सुभाष सोनिया, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मदन बामनिया एवं घट्टिया विकासखण्ड ब्लॉक अध्यक्ष अमृतसिंह केलकर की सहमति से अब्दुल सलाम मंसूरी को कर्मचारी कल्याण कोष का ब्लॉक मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। मंसूरी की नियुक्ति पर श्रीनिवास गौड़, शहजाद खान, संतोष कुमार शर्मा, रमेश चंद्र बारोड, हेमपाल सिंह तोमर, नाहर सिंह जादौन, भंवर मालवीय, संतोष चौहान आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### दशहरा मैदान में 6 जून से होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा



**उज्जैन।** सनातन धर्म जागरण महाअभियान के अंतर्गत शहर के दशहरा मैदान में 6 से 14 जून तक भव्य नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेम भूषण महाराज के कृपापात्र राजन महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रामकथा की अमृत वर्षा होगी।इस भव्य आयोजन को लेकर दशहरा मैदान पर कथा स्थल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण यादव उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार और जनजागरण है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है।आयोजक अजीत गुप्ता ने बताया कि भूमिपूजन के अवसर पर सुरेंद्र यादव, उपेन्द्र कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता और ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालु और धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक मंडल ने शहर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

### नपा के कर्मचारियों ने निजी ट्यूबवेल से घुमक्कड़ जाति को पानी भरने से रोका



**महिदपुर।** गंगावाडी मेला बस्ती, वार्ड नंबर 5 में घुमक्कड़ जाति के लोगों को महिदपुर नगर पालिका के कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि निजी ट्यूबवेल से पानी भरने से रोका जा रहा है। साथ ही ट्यूबवेल बंद करने कि धमकी दी गई है। घुमक्कड़, विमुक्त जाति के लोगों ने बताया कि महिदपुर नगर पालिका के कर्मचारियों ने पानी भरने से मना कर दिया एवं अभद्र व्यवहार किया। निजी ट्यूबवेल से पानी भरने से वंचित कर रहे हैं, गंगावाडी मेला बस्ती वार्ड नंबर 5 में निवासरत घुमक्कड़ समुदाय के परिवारों ने पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं। गर्मी के मौसम में यह अमानवीय कृत्य है। अनवर हुसैन शाह ने बताया कि नगर पालिका से छह कर्मचारी आए थे। उन्होंने कहा कि यहां ट्यूबवेल सरकारी है। पानी बंद करो जबकि हमारे द्वारा फ्री में घर-घर नल कनेक्शन लगवा कर पानी पिला रहे हैं और होल भी हमने लगवाया है और सबकी मदद कर रहे हैं। होल लगवाने में करीब 3 लाख से अधिक रुपए लगाये है। बिजली बिल का भी भुगतान कर रहे हैं, सभी यहां के रहवासियों को पानी पिला रहे हैं। गंगावाडी मेला बस्ती के रहवासियों ने बताया कि अनवर हुसैन शाह का होल बंद करवा रहे हैं और हमें पानी, पीने से बंद करवा रहे हैं, या फिर हमारा सरकारी होल लगवा जाए। हमारी पानी की व्यवस्था की जाए। हम लोग पचास साल से रह रहे हैं। चाचा पानी पिला रहे हैं, नगर पालिका के कर्मचारी कह रहे हैं कि होल का पानी बंद करो।

# करुणा दिवस पर सामूहिक आयंबिल तप और आराधना



**महिदपुर।** जैन सोशल ग्रुप (मेन) महिदपुर के तत्वावधान में करुणा दिवस पर सामूहिक आयंबिल तप की आराधना शांतिनाथ आराधना भवन महिदपुर सिटी में संपन्न हुई। जिनशासन गौरव पूज्य आचार्य उमेश मुनि के शिष्य जिनेन्द्र मुनि की सुशिष्या संयमप्रभा आदि ठाणा 12 तथा गच्छाधिपति आचार्य नरदेवसागर सूरिश्वर की आज्ञानुवर्तनी शीलरेखाजी आदि ठाणा 7 एवं मुक्तिप्रिया आदि ठाणा 2 की पावन निश्रा में तप आराधना संपन्न हुई। जिसमें 108 आराधकों ने आयंबिल तप की आराधना की।

आयंबिल तप आराधना के लाभार्थी निर्मलाबेन मानमल शैलेष कुमार कोचर परिवार महिदपुर रहे। सभी 108 आयंबिल तपस्वियों का बहुमान जैन सोशल ग्रुप (मेन) महिदपुर ने किया। साथ ही तपस्वियों का बहुमान शैलेष कुमार मानमल कोचर, सौभाग्यमल आंचलिया, पुष्पादेवी ललित पगारिया, आशीषकुमार आनन्दीलाल चौपड़ा एवं राजमल पोखरना परिवार ने भी किया। लाभार्थी निर्मलाबेन कोचर, विजय कोचर एवं शैलेष कोचर परिवार का बहुमान ग्रुप अध्यक्ष कविता गादिया, सुनिता चौपड़ा, जवाहर बुरड़, विमल बुरड, मनीष पगारिया, अरविन्द सकलेचा, राबिन मोदी एवं स्वतंत्र मेहता ने किया।

इस अवसर पर विमल मेहता, वर्धमान गादिया, विजय धाड़ीवाल, महेश सुमन, अतुल आंचलिया, इन्द्रकुमार सोनी, डॉ. अमित चौपड़ा, अमित कोचर, विशाल कोचर, धर्मेन्द्र रांका, प्रमोद कोचर, राजेश रुनवाल, शैलेष चौपड़ा, आशीष चौपड़ा, आशीष कोचर, बिन्दियां लुनावत आदि ने उपस्थित रहकर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की। श्री संघ की वरिष्ट श्राविका शांता कोचर, सुशीला औचलिया, कोमल आंचलिया, कुमुद वागरेचा, निर्मला कोचर का आयम्बिल आराधना में विशिष्ट सहयोग रहा। यह जानकारी कपिल राखेचा ने दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि जैन सोशल ग्रुप (मेन) महिदपुर ने नगर में वर्षीतप आराधना भी करवाई जा रही है। जिसमें 108 वर्षीतप आराधक 14 माह तक आराधना कर रहे हैं। वर्षीतप आराधकों के पारणे की सुंदर व्यवस्था लाल मंदिर महिदपुर में जैन सोशल ग्रुप महिदपुर के तत्वावधान में जेएसजी वर्षीतप आराधना समिति द्वारा की जा रही है।



# पूर्व विधायक ने दी ईद उल अजहा की मुबारकबाद

**बड़नगर।** प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाले पावन पर्व पर ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने काजीपुरा स्थित ईदगाह पहुंच कर बड़नगर वासियों के गले मिलकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मोरवाल ने शहर काजी नासिरउद्दीन का साफा बांधकर व शाल ओढ़ाकर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र यादव, दिनेश पटेल, फकीर मोहम्मद, अनिल शर्मा, वासीफ काजी, शकील एहमद, हाजी फरहीदउददीन, इकरार शेख, सद्दाम हुसैन, अंसार अली, सरफुददीन भाई, इंदर मोरवाल, गुलाम हुसैन, रामस्वरूप मोरवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बड़नगर स्थित समाज की धरोहर को संरक्षित करने का भी निर्णय**

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की साधारण सभा में डीपी भाईजी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**बड़नगर। सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज बडनगर की साधारण सभा की बैठक डायवर्शन मार्ग बड़नगर स्थित समाज की धरोहर शंकर बावड़ी परिसर में समाज के अध्यक्ष भैरुलाल पटेल ब्राह्मण बरोदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने डीपी भाईजी के कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए एक मत से उनके नाम पर सहमति जता निर्विरोध रूप से डी पी भाईजी को अध्यक्ष निर्वाचित किया। प्रारंभ में अतिथियों ने आराध्यदेव भगवान गोविन्द माधव व भगवान परशुराम के तेल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात संस्था के सचिव मनीष पंडया ने वार्षिक आय व्यय पत्रक पेश किया। सुभाष पंडया शिक्षक ने स्वागत भाषण देकर सभा की शुरुआत की। जिसमें समाज सुधार में अपना पक्ष रखने वाले पूर्व अध्यक्षगण करणसिंह पंडया, बद्रीलाल रावल, रमेशचंद्र पंड्या ,मोहनलाल त्रिवेदी, अनिल पंडया अम्बालिया, अंतरसिंह पंडया सोहड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डीपी भाईजी ने एक लाख ग्यारह हजार, मनीष पिता करणसिंह पंड्या ने एक लाख, भारद्वाज परिवार रावदिया पीर ने दो लाख, एक लाख नवलसिंह पंड्या, 51 हजार श्रवण शर्मा शिक्षक मुंडत, 51 हजार रु अनिल पंड्या अंबलिया, 51 हजार महेश पंड्या दौलतपुर ने समाज की नवीन भूमि क्रय करने के लिए दान स्वरूप देने की घोषणा की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि भाईजी परिवार पीढ़ियों से समाजसेवा करता आ रहा है। इस अवसर पर विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या, महेश पटेल, राजेंद्र मेहता, गजेंद्र पटेल, सत्यनारायण जोशी, भंवरलाल पाठक, मथुरालाल पाठक, अशोक ठक्कर, सवाईसिंह पटेल, दिलीप सिंह पंड्या, पवन शर्मा, भारतसिंह पंड्या, संदीप जागीरदार, भैरुलाल शर्मा, वीरेंद्र त्रिवेदी, मानसिंह शर्मा, मिश्रीलाल पटेल, दिलीपसिंह पंड्या, अरुण पंड्या आदि गणमान्य समाजजन उपस्थित थे।

# मेरा घर मेरी अयोध्या तब बनेगी जब हम अपने घरों में भी रामराज्य का पालन करें : अंजली

**बड़नगर। वैदिक राम कथा के प्रथम दिवस पर हरियाणा करनाल से पधारी अंजली आर्य ने भगवान राम के जन्म के विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही और माता केकई की महानता का भी वर्णन किया।**

साथ माताओं की गाथाओं का वर्णन करते हुए बताया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर में जिन नो जगहों पर सर्जिकल स्ट्राइक की वहां दोनों मात्र शक्तियों का चयन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि आदमी अपने कर्मों से अपना प्रारब्ध लिखता है। यद्यपि रावण इतना विद्वान था कि उसकी कीर्ति दसों दिशाओं में फैली हुई थी। वह चारों वेदों का विद्वान था फिर भी उसने ऐसा कृत्य किया कि उसकी कीर्ति नष्ट हो गई और मर्यादा के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में राम जी आज हर जनमानस के मन में पूजनीय वंदनीय है। साथ ही सभी महानुभाव से निवेदन किया कि कल के सत्र में आप अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म का लाभ लें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र व्यास, अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने की। सामवेद परायण यज्ञ ब्रह्म आचार्य ऋचा शास्त्री और गुरुकुल की बालिकाओं द्वारा सस्वर वैदपाठ द्वारा किया जा रहा है।



अतिथियों का स्वागत संस्था के लाला चांदीवली, जमनालाल जाट, बालकृष्ण पोरवाल, माणक लाल राठौड़, सरिता यादव द्वारा माला व दुपट्‌ट द्वारा किया गया। आयोजन में आर्य समाज देवास, उज्जैन, सुवासा, मुंडला, मौलाना, नागदा जंक्शन, खरसोद कलां, राऊ के आर्य समाज से समाजजन पधारे। अतिथियों का स्वागत शब्दों के माध्यम से प्रधान सतीश चंद्र ओझा ने किया। अतिथि परिचय अशोक भावसार ने किया। आभार ओप्रकाश राठौड़ ने माना। संचालन अर्पित यादव ने किया। जानकारी धर्मेंद्र शर्मा ने दी।

**एक नजर** | **नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला के शिविर का समापन 25 गोल्ड 25 सिल्वर और 30 ब्रॉन्ज पर कब्जा**

# पापा की परी नहीं शेरनी बनेंगी बेटियां, मार्शल आर्ट में बच्चों ने जीते 80 मेडल

**उज्जैन। शहर की बेटियों को पापा की परी के बजाय शेरनी बनाने के उद्देश्य से नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा एक्सीलेंस डिफेंस मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा 28 मई को भव्य मार्शल आर्ट सेमिनार और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। चैरिटेबल हॉस्पिटल के पीछे वामेश्वर महादेव मंदिर स्थित गोल्डन ग्रुप गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने आत्मरक्षा के शानदार गुर दिखाते हुए 80 मेडल अपने नाम किए।**



एक मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर यह आयोजन हुआ। 14 साल के अनुभव वाली नेशनल खिलाड़ी और सेकंड ब्लैक बेल्ट कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सेमिनार में हिस्सा लेने वाले 80 बच्चों में से 25 ने गोल्ड, 25 ने सिल्वर और 30 बच्चों ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कोच पूजा पिछले दो महीने से अकेले ही बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रही थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित चौबे उपस्थित थे। वहीं, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओपी हरौड़ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अखाड़े के अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, सचिव व नाड़ी वैद्य डॉ. भारती वर्मा और उपाध्यक्ष दिलीप राठौर के अलावा बम बम बाबा की टीम के रोहित भाई साहब, मल्हार मंदिर के पंडित जी अनिल सर, नारी ज्योतिष व भाजपा नेत्री मंजू कसेरा, अर्पित गोयल, मनोज, दीपिका प्रजापत, डिंपल राजोरिया, कल्पना, बादल सिंह चौहान, एमपी लाठी के अरविंद जोशी, तृप्ति अग्रवाल, मंजू जैन, वंदना जैन, सपना सांखला और बंदूक वाले पंडित की टीम से रितिक गुरुजी व उनके बड़े भाई अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कोच पूजा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आयोजन की पूरी व्यवस्था बच्चों ने ही संभाली। सुहाना प्रजापत, समीक्षा मालवीय, नैंसी जाटव, लावन्या भावसार, शुभी, माही, साक्षी, ऐश्वर्या मालवीय, तोषी, अंजलि प्रजापत और आदित्य प्रजापत ने कार्यक्रम का शानदार प्रबंधन किया। आयोजकों ने संदेश दिया कि वर्तमान समय में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना बेहद जरूरी है। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और आत्मरक्षा विद्या भी दिनचर्या का हिस्सा होनी चाहिए।

अकादमी द्वारा 1 से 30 जून तक सुबह 8 से 9.30 बजे तक नया प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जा रहा है। इच्छुक अभिभावक शिविर स्थल या मोबाइल नंबर 7000453098 पर संपर्क कर सकते हैं।